भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 260

उत्तर देने की तारीख 05.02.2024

तेलंगाना में पीएमईजीपी

260 **श्री बी. पार्थसारधी रेड्डीः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना राज्य में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत इस कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक कितने रोजगार सृजित होने का अनुमान है;

(ख) इस कार्यक्रम की शुरुआत से तेलंगाना में पीएमईजीपी के अंतर्गत कितने एमएसएमई उद्यम स्थापित किए गए हैं; और

(ग) सरकार द्वारा तेलंगाना में पीएमईजीपी के आरंभ से इसके कार्यान्वयन के लिए वर्ष-वार कितनी धनराशि संवितरित की गई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) से (ग): पीएमईजीपी के शुभारंभ से दिनांक 30.01.2024 तक, तेलंगाना में सृजित अनुमानित रोजगार, सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या और संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**वर्ष**	**सृजित अनुमानित रोजगार**	**सहायता प्राप्त उद्यमों/इकाइयों की संख्या**	**संवितरित की गई मार्जिन मनी सब्सिडी (रु. लाख में)**
1	2014-15	6604	604	1889.35
2	2015-16	7761	660	2217.57
3	2016-17	6445	664	2561.72
4	2017-18	9520	1190	4030.21
5	2018-19	16,408	2051	7180.89
6	2019-20	17,392	2174	7118.89
7	2020-21	16,200	2025	6376.33
8	2021-22	23,248	2906	9846.14
9	2022-23	20,320	2540	10,225.11
10	2023-24 (30.01.2024 तक)	16,208	2026	9476.48
कुल		140,106	16,840	60,922.69

****